ऐसा दरबार कहां,
ऐसी सरकार कहां,
तेरे जैसा कोई नहीं,
देखा मैने सारा जहाँ।।

तर्ज तेरे जैसा यार कहाँ।

कैसे तुम्हे बताऊ,
क्या क्या नहीं किया है,
मेरी जिंदगी बना दी,
तेरा ये शुक्रिया है,
छोड़ के दर को तेरे,
कहां जाऊ इतना बता,
तेरे जैसा कोई नहीं ,
देखा मैने सारा जहाँ।।

मुझको शरण ले के,
मेरा नाम कर दिया,
कैसे बताऊ तूने,
एहसान जो किया है,
मुझको तो जीना यही,
मुझको तो मरना यहाँ,
तेरे जैसा कोई नहीं ,
देखा मैने सारा जहाँ।।

जब जब गिरा कन्हैया,
आ के मुझे संभाला,
तूफान आए लाखो,
तूने श्याम है निकाला,
तेरे जैसा साथी कहाँ,
तेरे जैसा माझी कहाँ,
तेरे जैसा कोई नहीं ,
देखा मैने सारा जहाँ ।।

ऐसा दरबार कहां,
ऐसी सरकार कहां,
तेरे जैसा कोई नहीं ,
देखा मैने सारा जहाँ ।।

Singer : Shital Chandak

Source: https://www.bharattemples.com/aisa-darbar-kahan-aisi-sarkar-kahan/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples

Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw